डा. मेहरोत्रा ने 300 से अधिक पत्र प्रकाशित किये है वे अपने विभिन्न क्षेत्रों में किये गये कार्यो को प्रस्तुत करने के लिए (1) आई यू पी ए सी पेरिस में हुई बैठको मे (1957); (2) म्यूनिख (1959); (3) मान्ट्रियाल (1961); (4) अकार्बनिक बहुलकों पर नाटिंघम मे आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सगोष्ठी; (5) संयुक्त राज्य अमेरिका में गौर्डन रिसर्च कान्फ्रेन्स और (6) (1961) तथा (1967) में ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और हांगकांग के कई विश्वविद्यालयों और औद्योगिक अनुसंधान प्रयोगशाला द्वारा आमन्त्रित किये गये। वह नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ साइंसेज ऑफ इण्डिया के फैलो है।

वर्तमान पता : एमेरिटस प्रोफेसर
डिपार्टमेन्ट ऑफ केमिस्ट्री
राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर-302004

Prof. Sadhan Basu

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award for the year 1965 in chemistry has been made to Prof. Sadhan Basu, jointly with Prof. R.C. Mehrotra. for his notable contributions in the fields of macromolecules (polyelectrolytes), absorption spectra, molecular structure and quantum chemistry.

Prof. Sadhan Basu, Professor, Department of Chemistry, University College of Science, Calcutta, has for the first time established the geometry of molecular complexes in solution by detecting, analysing and assigning experimentally the vibrational structure of the charge transfer band which has given an additional support to Mulliken's quantum mechanical model for these systems. Prof. Basu has built up an active school of research workers under his guidance and is one of the most promising workers in his line.

Prof. Basu has been a senior Fulbright Fellow and Research Associate Professor at Indiana University, Bloomington, Indiana, USA. He is a Fellow of the Indian Chemical Society, Royal Institute of Chemistry, and National Institute of Sciences of India. He is a member of the Faraday Society and Sigma Xi and Phi Lambda Upsilon. He is the author of more than 100 papers.

Present address : Department of Physical Chemistry
University College of Science
Calcutta University
92 Acharya Prafulla Chandra Road, Calcutta 700009

प्रो. साधन वासु

प्रशस्ति

वृहद्णुओं (पोलीइलैक्ट्रोलाइटों) अवशोषण स्पेक्ट्रा, आण्विक संरचना और क्वांटम रसायन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रो. साधन वासु को, प्रो. आर. सी. मेहरोत्रा के साथ संयुक्त रूप में, रसायन विज्ञान में वर्ष 1965 का शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया।

यूनीवर्सिटी कालेज ऑफ साइंस, कलकत्ता मे रसायन विज्ञान विभाग के प्राध्यापक, प्रो. साधन वासु ने आवेश स्थानान्तरण पट्टी की कंपनिक संरचना को ढूढकर, विश्लेषित कर और उसे प्रायोगिक तौर पर निर्धारित कर विलयन में आण्विक सम्मिश्रों की ज्यामिती को पहली बार स्थापित किया है। जिसने इन प्रणालियों के लिये मल्लीकेन के क्वांटम यात्रिक मॉडल को अतिरिक्त बल प्रदान किया है। प्रो. वासु ने अपने मार्गदर्शन मे अनुसंधान कार्यकर्ताओं का एक विद्यालय गठित किया है और वह स्वय भी अपने कार्य क्षेत्र में एक बड़े होनहार कार्यकर्ता हैं।

प्रो वासु इण्डियन यूनीवर्सिटी,ब्लूमिंगटन, इण्डियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनियर फुलब्राइट फैलो और रिसर्च एसोसिएट प्रोफेसर रहे है। वह इण्डियन कैमिकल सोसाइटी, रॉयल इन्स्टीट्यूट ऑफ केमिस्ट्री और नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ साइंसेज ऑफ इण्डिया के फैलो है। वह फेराडे सोसायटी और सिगमा जी एण्ड की लैम्डा एप्सीलॉन के सदस्य हैं। वे 100 से अधिक पत्रों के लेखक भी हैं।

वर्तमान पता डिपार्टमेन्ट ऑफ फिजीकल केमिस्ट्री
यूनीवर्सिटी कालेज ऑफ साइंस, कलकत्ता यूनीवर्सिटी
92, आचार्य प्रफुल्लचन्द रोड
कलकत्ता-700009

Prof. C.V. Subramanian

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award for the year 1965 has been made to Prof. C.V. Subramanian for his outstanding contributions in the field of hyphomycetology.

Prof. Subramanian has successively held the position of Professor of Plant Pathology, Indian Agricultural Research Institute, New Delhi, and Head of the Department of Botany, University of Rajasthan, and is now Professor of Botany, University of Madras. He has established an active school of research in taxonomy and biology of fungi. His most significant contributions are on taxonomy of Fungi imperfecti. His systematic exploration of the hyphomycete flora of India led to the discovery of many new and interesting genera. He has proposed a new system of classification of Hyphomycetes based on conidium ontogeny. His studies and original interpretations of conidium ontogeny based on cell wall relationships have led to the formulation of a terminology built on new concepts. Prof. Subramanian is also well known for his work on soil mycology and soil-borne plant diseases, and for his contributions to our knowledge of the systematics, distribution and ecological behaviour of soil Fusaria, and of the nutritional physiology, mainly nitrogen utilization, of plant pathogenic species of *Fusarium* and *Drechslera*.

Prof. Subramanian has published about 100 original scientific papers and a monograph on Hyphomycetes. He is a Fellow of the Indian National Science Academy, and of the Indian Academy of Sciences.

Present address Senior Professor
Centre for Advanced Study in Botany
University of Madras
Madras 600005

प्रो. सी. वी. सुब्रह्मण्यन

प्रशस्ति

वर्ष 1965 का शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार प्रो. सी. वी. सुब्रह्मण्यन को हाइफोमाइसीट विज्ञान पर महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया।

प्रो. सुब्रह्मण्यन सफलतापूर्वक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के पादप विकृति विज्ञान के प्रोफेसर और राजस्थान विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष रह चुके हैं और अब मद्रास विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर हैं। इन्होंने कवकों की वर्गिकी और जैविकी पर अनुसंधान का सक्रिय समूह स्थापित किया है। इसका सबसे महत्वपूर्ण कार्य फंजाई इम्पर्फेक्टाई की विशालता पर है। भारत के हाइफोमाइसीट वनस्पति जातों की इनके क्रमवद्ध खोजों से बहुत से नये और रोचक वंशों का पता चला। इन्होंने कोनिडियम व्यक्तिवृत पर आधारित हाइफोमाइसीट की एक नई वर्गीकरण प्रणाली प्रस्तावित की है। कोनिडयम व्यक्तिवृत के कोशिका भित्ति संबंध पर आधारित इनके अध्ययन और मूल व्याख्या देने पर नई धारणाओं पर पारिभाषिक शब्दों का निर्माण संभव हुआ है।

प्रो. सुब्रह्मण्यन मृदा कवक विज्ञान और मृदा वाहित पादप रोगों, क्रमवद्धता पर हमारे ज्ञान की वृद्धि, मृदा फ्यूजेरियमों का वितरण और पारिस्थितिक व्यवहार पोषण शरीर क्रियात्मकता, विशेषत: फ्यूजेरियम और ड्रेश्लेरा की रोगजनक जातियों के नाइट्रोज उपभोग के लिए भी सुविख्यात हैं।

प्रो. सुब्रह्मण्यन के हाइफोमाइसीटो पर 100 मूल वैज्ञानिक शोध पत्र और एक विनिबंध छप चुके हैं। वे इंडियन नेशनल साइंस एकेडेमी और इंडियन एकेडेमी ऑफ साइंसेज के फेलो है।

वर्तमान पता · सीनियर प्रोफेसर
सेन्टर फॉर एडवान्स्ड स्टडी इन बॉटनी
यूनीवर्सिटी ऑफ मद्रास
मद्रास-600005

Shri A.S. Rao

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award for the year 1965 in Engineering has been made to Shri A.S. Rao for his outstanding contributions in the fields of electronics, reactor control and radiological health and safety.

Shri Rao besides being the Director, Electronics Group and Directorate of Radiation Protection, Bhabha Atomic Research Centre, Bombay, is the Managing Director of Electronics Corporation of India Limited, a public sector undertaking, set up last year in Hyderabad to manufacture electronics and nuclear instruments, equipment and components with the know-how generated in the Electronics Group of BARC. During the earlier phase of Indian Atomic Energy Programmes, he was responsible for the design, construction and commissioning of the control systems of the two reactors built at Trombay—Apsara and Zerlina. The work done by the Electronics Division has resulted in a wide variety of electronic equipment and components such as reactor control instruments, nuclear electronic instruments, industrial equipment, test equipment, analogue computer, thermo-electric coolers, semiconductor devices, servo components and magnetic amplifiers being made available indigenously. Shri Rao has organized a country-wide network of monitoring stations for determining the extent of environmental radioactive contamination resulting from nuclear explosions.

Shri Rao is a Member of the Electronics Committee and is also Chairman of the Working Group on Electronics. Shri Rao was a Member of the United Nations Scientific Committee on the Effects of Atomic Radiation. He has participated in many international conferences including the UN Conference on the Peaceful Uses of Atomic Energy held in Geneva.

He was awarded Padma Shri in 1960.

Present address 16 Snehpuri
Behind RRL
Nacharam, Hyderabad

श्री ए. एस. राव

प्रशस्ति

सन् 1965 के लिए इंजीनियरी का शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार श्री ए. एस. राव को इलेक्ट्रॉनिक्स, रिएैक्टर नियंत्रण और विकिरण चिकित्सात्मक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के क्षेत्रो मे उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए देकर सम्मानित किया गया है।

बम्बई के भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र में इलेक्ट्रॉनिक्स दल एवं विकिरण सुरक्षा निदेशालय के निदेशक होने के साथ श्री राव भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स निगम (लिमिटेड) के प्रबंध निदेशक भी है। भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स निगम सार्वजनिक क्षेत्र का एक उपक्रम है जिसे गत वर्ष हैदराबाद में स्थापित किया गया था जिससे कि भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के इलेक्ट्रॉनिक्स दल द्वारा जनित जानकारी के इस्तेमाल से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं न्यूक्लीय उपकरण, उपस्कर एवं अवयवो का औद्योगिक निर्माण किया जा सके। भारतीय परमाणु शक्ति कार्यक्रमों के आरम्भिक दौर मे ट्राम्बे में निर्मित दो रियेक्टरो "अप्सरा" एवं "जरलीना"— के नियंत्रण पद्धतियो के डिजाइन, निर्माण और चालू करने के वह जिम्मेदार थे। इलेक्ट्रॉनिक खण्ड के कार्य के फलस्वरूप व्यापक भिन्नता के इलेक्ट्रॉनिक उपस्कर और अवयव देश में ही बनाना संभव हो सका है, उदाहरणत: रियेक्टर नियत्रण उपकरण, न्यूक्लीय-इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, औद्योगिक उपस्कर, परीक्षण उपस्कर, तुल्यरूप कम्प्यूटर, तापीय-विद्युत शीतक अर्धचालक उपकरण, सर्वो अवयव एवं चुम्बकीय ऐम्प्लीफायर न्यूक्लीय विस्फोटों के परिणामत: पर्यावरणीय रेडियोऐक्टिव संदूषण के प्रसार का निर्धारण करने के लिए श्री राव ने देशभर में मानीटर केन्द्रों का जाल बिछा दिया है।

श्री राव इलेक्ट्रॉनिक्स समिति के सदस्य हैं तथा इलेक्ट्रॉनिक्स कार्यकारी दल के भी वह अध्यक्ष हैं। श्री राव संयुक्त राष्ट्र की परमाणु विकिरण प्रभाव की वैज्ञानिक समिति के भी सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने कई अन्तर्राष्ट्रीय गोष्ठियों में हिस्सा लिया है जिसमें जिनेवा मे सयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित परमाणु शक्ति के शाति कार्यो मे उपयोग पर गोष्ठी भी शामिल है।

श्री राव को सन् 1960 में पद्मश्री की उपाधि से विभूषित किया गया।

वर्तमान पता . 16 स्नेहपुरी
क्षेत्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला के पीछे
नाचरम, हैदराबाद

Dr Nirmal Kumar Dutta

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award for the year 1965 in Medical Sciences has been awarded to Dr N.K. Dutta, jointly with Prof. V. Ramalingaswami, for his outstanding contributions in the field of experimental medicine.

Dr Dutta, Director, Haffkine Institute, Bombay introduced for the first time, a new and a highly effective laboratory model for the study of human cholera in animals, namely, the use of infant rabbits for the replication of human cholera. This has enabled laboratories throughout the world to study cholera even though cholera is not present in their own country. His discovery that cholera vibrios produce a toxin which causes intense diarrhcea in the animal is the first major breakthrough in cholera research since Koch isolated the vibrio. He has developed a method for evaluating cholera vaccines and antisera, and discovered a remedy against choleraic diarrhoea.

His scientific publications cover disciplines of pharmacology. microbiology, chemotherapy and biological standardization.

Dr Dutta is Fellow of the National Institute of Sciences of India and was recipient of G.J. Watumull Memorial Award and Basanti Devi Amir Chand Prize.

*Since deceased

डा. निर्मल कुमार दत्त*

प्रशस्ति

प्रयोगात्मक आयुर्विज्ञान के क्षेत्र में असाधारण योगदानों के लिए डा. निर्मल कुमार दत्त को प्रो. वी. रामलिंगस्वामी के साथ सयुक्त रूप से वर्ष 1965 का शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया।

हाफकिन इन्स्टीट्यूट, बम्बई के निदेशक डा. दत्त ने पशुओं में मानवीय विसूचिका के अध्ययन के लिए पहली बार, नया और अत्यधिक प्रभावी प्रयोगशाला मॉडल प्रस्तुत किया; नामतः, मानवीय विसूचिका कू पुनरावृत्ति के लिए शिशु खरगोशों का उपयोग। इससे विश्वभर में यहाँ तक कि जिन देशों में विसूचिका नहीं है, प्रयोगशालाओ में ही विसूचिका का अध्ययन संभव हुआ है। उनकी यह खोज कि विसूचिका विब्रियो ही उस विष को पैदा करता है जिससे पशु में एकदम से दस्त लग जाते हैं विसूचिका अनुसधान की दिशा में, कोच द्वारा विब्रियो विषाणु को विलगाने के बाद यह पहला प्रमुख क़दम है। उन्होंने विसूचिका के टीके और प्रतिसेरा का मूल्यांकन करने की विधि विकसित की है और विसूचिका-जनित अतिसार रोधी उपचार खोजा है।

डा. दत्त के प्रकाशन, भेषज-शास्त्र, सूक्ष्मजीव-विज्ञान, रसायन-रोगोपचार और जीवशास्त्रीय मानकीकरण के विषयों से संबंधित हैं।

डा. दत्त नेशनल इन्स्टीट्यूट आफ साइंसेज आफ इण्डिया के फेलो हैं और उन्होंने जी. जे. वाटूमल स्मृति पुरस्कार और बसन्ती देवी अमीर चन्द पुरस्कार प्राप्त किये है।

* दिवगत

Prof. V. Ramalingaswami

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award for the year 1965 in Medical Sciences has been made to Prof. V Ramalingaswami, jointly with Dr N.K. Dutta, for his outstanding contributions in the field of human malnutrition.

Prof. Ramalingaswami, Prof. of Pathology, All India Institute of Medical Sciences, is well known for his work on protein malnutrition in India. He was one of the first investigators who discovered and described the syndrome of Kwashiorkor or protein malnutrition in the young growing Indian children and reproduced it successfully in experimental animals.

Prof. Ramalingaswami has also made notable contributions to an understanding of goitre or swelling of the thyroid gland which is highly endemic all along the foothills of the Himalayas and is affecting nearly nine million persons. His studies on goitre have led directly to control measures which are being applied on a national scale today.

Prof. Ramalingaswami is the recipient of (i) the Edward Chapman Research Prize of Magdalen College, Oxford University in 1953, (ii) the Shakuntala Devi Amir Chand and Basanti Devi prizes of the Indian Council of Medical Research, (iii) the Khanolkar Prize of the Indian Association of Pathologists in 1954, (iv) the Watumull award for Medical Sciences in 1962, and (v) the Maude Abbott Lecturership of the International Academy of Pathology in 1964. A recipient of many distinguished honours and awards, Prof. Ramalingaswami is recognized as a world authority on the pathology of nutrition.

Present address Director-General
Indian Council of Medical Research
Ansari Nagar
New Delhi 110029

प्रो. वी. रामलिंगस्वामी

प्रशस्ति

मानव कुपोषण के क्षेत्र मे असाधारण योगदानों के लिए प्रो. वी. रामलिगस्वामी को डा. एन. के. दत्त के साथ संयुक्त रूप से चिकित्सा विज्ञान में वर्ष 1965 का शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया।

ऑल इण्डिया इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में रोग-विज्ञान के प्राध्यापक प्रो. वी. रामलिंगस्वामी, प्रोटीन कुपोषण पर अपने कार्य के लिए भारत मे सुविख्यात है। वह पहले शोधकर्ता हैं जिसने बढ़ते हुए छोटे भारतीय बच्चों में क्वाशियोरकोर अथवा प्रोटीन कुपोषण संलक्षण की खोज और व्याख्या की और इसे प्रयोगात्मक पशुओं मे सफलतापूर्वक पुनर्उत्पादित किया।

प्रो. रामलिंगस्वामी ने गलगंड या थाइरॉड ग्रंथि की सूजन को समझने मे उल्लेखनीय योगदान किया है। यह रोग हिमालय गिरिपादों के किनारे अति स्थानिक है और इससे 90 लाख व्यक्ति प्रभावित हैं। गलगंड पर इनके अध्ययनो से नियंत्रण विधियों का पता चला है जिनको आजकल राष्ट्रीय स्तर पर अपनाया जा रहा है।

प्रो. रामलिंगस्वामी ने (1) 1953 में मेगडालेन कालेज, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी का एडवर्ड चेपमैन अनुसंधान पुरस्कार, (2) इण्डियन काउन्सिल आफ मेडिकल रिसर्च के शकुन्तला देवी अमीर चन्द और बसन्ती देवी पुरस्कार, (3) 1954 मे इण्डियन एसोसिएशन आफ पैथोलाजिस्ट का खानोलकर पुरस्कार, (4) 1962 में चिकित्सा विज्ञान के लिए वाटूमल पुरस्कार और (5) 1964 में इन्टरनेशनल एकेडेमी आफ पैथालाजी की मॉड एबॉट लेक्चरर्रशिप प्राप्त किए। इन अनेक प्रतिष्ठित सम्मानो और पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता प्रो. रामलिंगस्वामी को पोषण रोग विज्ञान पर विश्व विशेषज्ञ के रूप में मान्यता प्राप्त है।

वर्तमान पता - महानिदेशक, इण्डियन काउन्सिल आफ मेडिकल रिसर्च
नई दिल्ली-110029

Dr K.G. Ramanathan

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award for the year 1965 has been made to Dr K.G. Ramanathan, for his outstanding contributions in the field of mathematics.

Dr Ramanathan has been Dean of the Mathematics Faculty at the Tata Institute of Fundamental Research, Bombay. He worked with Prof. Carl Siegel at the Institute for Advanced Study at Princeton (USA). His work concerns mainly three aspects of Number Theory: Study of arithmetical groups, Diophantine inequalities and Automorphic functions related to quadratic forms. The work on arithmetical groups relates to the solution of some important problems concerning their finite generation, commensurability and maximality. The work on Diophantine inequalities is related to problems of Davenport on the density of values of quadratic and other arithmetical forms. His recent work on automorphic functions is related to the Siegel formula and is a notable contribution to Analytic Number Theory.

The School of Mathematics of the Tata Institute of Fundamental Research started its graduate programme after Dr Ramanathan joined it. The Institute has now one of the finest groups of Number Theorists, whose contribution to various aspects of Number Theory is known throughout the world. He is a Fellow of the Indian National Science Academy, and Editor, Journal of the Indian Mathematical Society, a journal of standing in the mathematical world.

Present address . Senior Professor, School of Mathematics
Tata Institute of Fundamental Research
Homi Bhabha Road
Bombay 400005

डा. के. जी. रामनाथन

प्रशस्ति

गणित के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 1965 का शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार डा. के. जी. रामनाथन को प्रदान किया गया।

डा. रामनाथन टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फंडामेन्टल रिसर्च, बम्बई में गणित संकाय के अध्यक्ष रहे है। इन्होंने प्रिन्सटन (सं.रा.अ.) में इन्स्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी में प्रो. कार्ल सीगल के साथ काम किया हैं। इनका कार्य संख्या सिद्धांत के तीन पक्षों से संबंधित है: अंकगणितीय समूहों का अध्ययन, जयोफेन्टस की असमता और द्विघाती समघातों से संबधित स्वरूपी फलन। अंकगणितीय समूहों का कार्य उनके परिमित निर्माण, सम्मेलन और अधिकतमता के कुछ महत्वपूर्ण प्रश्नों के हल से संबंधित होता है। डायोफेन्टेस की असमता, द्विघाती और अन्य अंकगणितीय प्रश्नों के मानों के घनत्व पर डेवेनपोर्ट के प्रश्नों से संबंधित हैं। स्वरूपी फलन पर उनका हाल ही का कार्य सीगल सूत्र से संबंधित है जो वैश्लेषिक संख्या सिद्धांत पर उनका महत्वपूर्ण योगदान है।

डा. रामनाथन के पदभार संभालने के पश्चात टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फण्डामेन्टल रिसर्च के स्कूल ऑफ मैथेमेटिक्स ने ग्रेजुएट कार्यक्रम प्रारम्भ किया। यह संस्थान अव संख्या सैद्धातिकों के सबसे अच्छे समूहों में से एक समूह बन गया है। और संख्या सिद्धांत के विविध पक्षों पर इनका योगदान विश्व भर में ज्ञात है। ये इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी के फैलो और विश्व के गणितीय क्षेत्र में अपना स्थान रखने वाली शोध पत्रिका "जर्नल ऑफ इडियन मैथेमेटिकल सोसाइटी" के सम्पादक हैं।

वर्तमान पता : सीनियर प्रोफेसर स्कूल ऑफ मैथेमेटिक्स
टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फण्डामेन्टल रिसर्च
होमी भाभा रोड
बम्बई-400005

Dr S. Ramaseshan

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award for the year 1966 has been made to Dr S. Ramaseshan, jointly with Dr S.C. Jain, Director, Solid State Physics Laboratory, for his outstanding contributions in physical sciences.

Dr Ramaseshan is at present Head of the Materials Science Centre of the National Aeronautical Laboratory, Bangalore. He has his early training in optics and crystallography under Prof. C.V. Raman. He co-authored a definitive article on "Crystal Optics" in Flugges' "Handbuch der Physik" with Prof. G.N. Ramachandran, another Bhatnagar Memorial Award winner. He has published many significant articles on piezo-optic phenomena and designed an analyser for polarised light which goes after his name.

Dr Ramaseshan is a recognized authority in the field of X-ray crystallography. He has established a school in this subject in India. Dr Ramaseshan's most outstanding work relates to the field of anomalous scattering X-rays and neutrons and their application to the understanding of the structure of matter. This technique has been employed by him and others for elucidating the structures of many large molecules, including insulin. Recently it has been extended to the study of the strengthening mechanisms in solids and to the study of the liquid and amorphous states He was also associated with the development of instrumentation for high and low temperature X-ray crystallography.

In recent years, Dr Ramaseshan has been involved in the application of science to technology. He has made contributions to the field of composites and to unconventional fabrication processing of materials.

He is a Fellow of the Indian Academy of Sciences.

Present address Visiting Professor
Raman Research Institute
Bangalore 560080

डा. एस. रामशेषन

प्रशस्ति

शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार, 1966 का सम्मान डा. एस. रामशेषन को संयुक्त रूप से ठोस अवस्था भौतिक प्रयोगशाला के निदेशक डा. एस. सी. जैन के साथ मिला है। यह पुरस्कार उनको भौतिक विज्ञान में विशिष्ट योगदान के लिए दिया गया है।

डा. रामशेषन आजकल बंगलौर के राष्ट्रीय वैमानिक प्रयोगशाला के पदार्थ विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष है। प्रकाशिकी तथा क्रिस्टेलोग्राफी में उनका आरम्भिक प्रशिक्षण प्रो. सी. वी. रमन की देख-रेख में हुआ। एक अन्य भटनागर स्मृति पुरस्कार विजेता, प्रो. जी. एन. रामचन्द्रन के साथ मिलकर उन्होने फ्लूगे के "हांडवूख डेअर फीजीक" में क्रिस्टल प्रकाशिकी पर एक निश्चयात्मक लेख लिखा। दाब प्रकाशिकी वृत पर उन्होंने कई महत्वपूर्ण लेख लिखें हैं तथा ध्रुवित प्रकाश के एक विश्लेषक की रूप-रेखा उन्होंने तैयार की जो उनके नाम के साथ जाना जाता है।

ऐक्स-किरण क्रिस्टेलोग्राफी के क्षेत्र में डा. रामशेषन एक मान्यता प्राप्त विशेषज्ञ हैं तथा इस विषय पर उन्होंने भारत मे एक स्कूल की स्थापना की है। डा. रामशेषन का सबसे उल्लेखनीय कार्य ऐक्स-किरणों तथा न्यूट्रॉन्स के असंगत प्रकीर्णन और द्रव्य की संरचना समझने मे उनके उपयोग के क्षेत्र में है। इन्सुलिन सहित कई बड़े अणुओ की संरचना को स्पष्ट करने के लिए यह तकनीक अपनाई जाती है। हाल ही में यह तकनीक ठोस पदार्थो के समर्थ यन्त्र-विन्यास तथा द्रव और अक्रिस्टलीय अवस्था के अध्ययन के लिए अपनाई जा रही है। डा. रामशेषन, उच्च तथा निम्न ताप ऐक्स-किरण क्रिस्टलिकी के अध्ययन के लिए उपकरण विकसित करने से भी संबंधित रहे हैं।

विगत वर्षो में डा. रामशेषन विज्ञान के टेक्नोलॉजी में उपयोग से जुड़े रहे है। उन्होंने सम्मिश्रो तथा पदार्थो के नवीन संरचनाओं में योगदान दिया है।

डा. रामशेषन भारतीय विज्ञान अकादमी के फैलो है।

वर्तमान पता विजिटिंग प्रोफेसर
रमन रिसर्च इन्स्टीट्यूट
बंगलोर-560080

Dr S.C. Jain

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award in Physical Sciences for the year 1966 has been made to Dr S.C. Jain, jointly with Dr S Ramaseshan, Scientist, National Aeronautical Laboratory, Bangalore.

Dr Jain is at present Director of the Solid State Physics Laboratory of the Defence Research and Development Organization. He had his early training in physics while working for more than a decade with the late Dr K.S. Krishnan at the National Physical Laboratory, Delhi.

Dr Jain has published several papers in the fields of defects and colour centres in polar crystals; high temperature properties of solids; Raman, infrared and electronic spectra of crystals; thin films; and ultrapurification of semiconductors and semiconductor devices. Some of the techniques developed by Dr Jain in experimental physics have been used in many laboratories in the United States and in Western European countries. His work has been acclaimed as outstanding and has been quoted extensively in text-books, treatises and research papers. In recent years, Dr Jain has been much involved in designing and developing sophisticated electronic items to meet the requirements of Armed Forces.

Dr Jain is a member of several learned societies and is on the Editorial Boards of the Journal of Material Science, Crystal Lattice Defects, Radiation Effects and Journal of Non-metals. He is the Editor of two books, namely (i) Non-metallic Crystals; and (ii) Recent Advances in Theory and Technology of Semiconductors.

Present address Director
Solid-state Physics Laboratory
Ministry of Defence
Lucknow Road, Delhi 110007

डॉ. एस. सी. जैन

प्रशस्ति

भौतिकी विज्ञान के लिए सन् 1966 का शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार पाने का सम्मान डॉ. एस. सी. जैन को संयुक्त रूप से बंगलौर के राष्ट्रीय वैज्ञानिक प्रयोगशाला के वैज्ञानिक डॉ. एस. रामशेषन के साथ मिला है।

डॉ. जैन आजकल रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन की ठोस अवस्था भौतिकी प्रयोग शाला के निदेशक है। भौतिकी में उनका आरम्भिक प्रशिक्षण राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली मे हुआ, जहाँ उन्होंने स्वर्गीय डॉ. के. एस. कृष्णन के साथ एक दशक से भी अधिक समय तक कार्य किया। जिन क्षेत्रों में डॉ. जैन ने अनेक शोध-पत्र प्रकाशित किये हैं वे हैं: ध्रुवी क्रिस्टलों में त्रुटि और वर्ण केन्द्र, ठोसों के उच्च-तापीय गुण, क्रिस्टलो की रमन, अवरक्त और इलेक्ट्रॉनिक स्पेक्ट्रा, तनु फिल्म और अर्धचालक एवं अर्धचालक-युक्तियो की अतिशुद्धता। प्रायोगिक भौतिकी के क्षेत्र मे डॉ. जैन द्वारा विकसित की गई कुछ तकनीकें अमरीका तथा पश्चिम यूरोपीय देशों की प्रयोगशालाओ में अपनाई जा रही हैं। उनके शोधकार्य को उत्कृष्ट माना जाता है तथा उसे पाठ्-पुस्तकों, शोध-प्रबंधों और शोध-पत्रों में उद्धृत किया जाता है। पिछले कुछ वर्षो से डॉ. जैन रक्षा सेवाओं की जरूरत की जटिल इलेक्ट्रॉनिक इकाइयों की रूपरेखा विकसित करने में संलग्न रहे हैं।

डॉ. जैन कई पाडित्यपूर्ण समितियों के सदस्य है और जर्नल ऑफ मैटिरियल साइंस, क्रिस्टल लेटिस डिफैक्ट्स, रेडियेशन इफैक्ट्स और जर्नल्स ऑफ नॉन-मैटल्स, पत्रिकाओं के संपादन मंडल के सदस्य है। वह दो किताबों यथा, नॉन-मैटेलिक क्रिस्टल तथा रीसेन्ट एडवान्सेज इन थ्योरी एण्ड टैक्नोलॉजी ऑफ सेमीकण्डक्टर्स, के संपादक हैं।

वर्तमान पता . डायरेक्टर
सॉलिड स्टेट फिजिक्स लेबोरेटरी
मिनिस्ट्री आफ डिफेन्स
लखनऊ रोड, दिल्ली-110007

Dr N.A. Ramaiah

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award for the year 1966 has been made to Dr N A. Ramaiah for his outstanding contributions in the field of sugar chemistry and technology.

Dr Ramaiah is at present Deputy Secretary, Sugar Industry Enquiry Commission. New Delhi. Prior to this, he was Professor of Physical Chemistry at the National Sugar Institute, Kanpur. After a bright academic career in the Banaras Hindu University, he did teaching and research work at the Banaras Hindu University as well as at the Delhi University and his research work in the area of physical chemistry was considerable and of a high order. Later he joined the National Sugar Institute and vigorously applied his keen mind and his scientific knowledge for the solution of problems connected with sugar manufacture. He carried out his work not only in the laboratory but also extended it to its development in the industry. The most important of his studies relate to (i) colour problems of the sugar industry and physical methods for assessment of colour; and (ii) the manufacture of active carbon and chemicals for improvement of sugar house products. As a result, sugar manufacture has been made more economical and there has been saving in sulphur, which is a scarce chemical in this country. The importance of his work has been recognised by the sugar industry through the award of medals and prizes. He is a Fellow of the Indian National Science Academy.

Present address Deccan Sugar Institute
Manjari
Pune 412307

डा. एन. ए. रामय्या

प्रशस्ति

शर्करा रसायन और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान के लिए डा. एन. ए. रामय्या को वर्ष 1966 का शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया।

डा. रामय्या वर्तमान में शुगर इंडस्ट्री एन्क्वायरी कमीशन, नई दिल्ली के उपसचिव हैं। इससे पहले, वह नेशनल शुगर इन्स्टीट्यूट, कानपुर में भौतिक रसायन के प्राध्यापक थे। बनारस विश्वविद्यालय मे अपना मेधावी छात्र जीवन व्यतीत करने के बाद, उन्होंने बनारस विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य किया और भौतिक रसायन के क्षेत्र में उनका अनुसंधान कार्य विशिष्ट और उच्च कोटि का था, बाद में वह नेशनल शुगर इन्स्टीट्यूट से जुड़ गये और वहाँ उन्होंने चीनी निर्माण संबंधी समस्याओं के समाधान में अपनी प्रतिभा और वैज्ञानिक ज्ञान का विस्तृत उपयोग किया। उन्होंने केवल प्रयोगशाला तक ही अपना कार्य सीमित नहीं रखा बल्कि उसका उपयोग उद्योग के विकास में भी किया। उनके अध्ययनों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण (1) शर्करा उद्योग में रंग की समस्याओं और रंग परख करने की भौतिक विधियाँ और (2) चीनी मिलों के उत्पादों के सुधार के लिए सक्रिय कार्बन और रसायनों का निर्माण कर रहे हैं। इस कार्य के परिणामस्वरूप देश में शर्करा निर्माण अधिक मितव्ययी हो गया है और गंधक के उपयोग में भी बचत हुई है जो इस देश मे दुर्लभ रसायन है। शर्करा उद्योग द्वारा उन्हे पुरस्कारों और पारितोषिकों से सम्मानित कर उनके कार्यों की महत्ता प्रतिस्थापित की गई है। वह इण्डियन नेशनल साइंस एकेडेमी के फेलो हैं।

वर्तमान पता · डकन शुगर इन्स्टीट्यूट
मजारी
पुणे-412007

Dr H K Jain

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award for the year 1966 has been made to Dr H.K. Jain jointly with Dr N. Ganga Prasada Rao for his outstanding contributions in the field of Biological Sciences.

Dr Jain is at present Head of the Division of Genetics at the Indian Agricultural Research Institute, New Delhi. He has made extensive contributions in the field of genetic recombination, including its mechanism and regulation, more particularly its control at the interchromosome level. A new hypothesis on such a control has been developed and considerable experimental evidence has been obtained in support of it. Dr Jain's work on tomato and more recently on *Drosophila* has provided what is regarded as perhaps the first convincing evidence in support of the phenomenon of mutagen specificity. The manipulation of mutation rates and spectrum has been one of the most important objectives of contemporary mutation research and Dr Jain's work has been an important contribution in this direction. His other studies relate to the synthesis of RNA in plant cells, more particularly the demonstration of the hyperactive nature of the nucleolus-organizing locus in this synthesis.

Dr Jain has been President of the Indian Society of Genetics and Plant Breeding and has attended a number of international scientific meetings, including the Twelfth International Congress of Genetics held in Tokyo in 1968. Dr Jain has developed an active school of research in the field of mutagenesis and cytogenetics at the Indian Agricultural Research Institute.

Present address Senior Research Fellow
International Services for National Agricultural Research
P O Box 933375
2509 AJ, The Hague, The Netherlands

डा. एच. के. जैन

प्रशस्ति

वर्ष 1966 का जैव विज्ञान पर शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार डा. एच. के. जैन और डा. एन. गंगाप्रसाद राव को प्रदान किया गया।

डा. जैन इस समय भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आनुवंशिकी विभाग के अध्यक्ष हैं। इन्होंने आनुवंशिकी पुनर्योजनों, उनकी यांत्रिकी और नियंत्रण (विशेष रूप से अन्तरागुणसूत्र स्तर पर) पर व्यापक योगदान दिया है। इस प्रकार के नियंत्रण पर एक नई परिकल्पना विकसित हुई है और उसकी पुष्टि में पर्याप्त प्रायोगिक साक्ष्य प्राप्त हो चुके हैं। उनके टमाटर पर किये गए कार्य और विशेषतः हाल ही में **ड्रोसोफिला** पर किए गए कार्य से जो साक्ष्य प्राप्त हुआ है, वे उत्परिवर्तन विनिर्दिष्टता पर पहला विश्वसनीय साक्ष्य माना जा सकता है। समकालीन उत्परिवर्तन अनुसंधान में उत्परिवर्तन दर और स्पेक्ट्रम के हेर-फेर सर्वाधिक महत्वपूर्ण रहा है। और इस दिशा में डा. जैन का कार्य महत्वपूर्ण है। इनके अन्य अध्ययनों में पादप कोशिकाओ में आर एन ए का संश्लेषण और विशेषकर इस संश्लेषण में नाभिक संघटक विस्थल की अति सक्रिय प्रकृति का प्रदर्शन है।

डा. जैन इंडियन सोसायटी ऑफ जेनेटिक्स एण्ड प्लांट ब्रीडिंग के अध्यक्ष रहे हैं और इन्होंने टोक्यो में हुई आनुवंशिकी की 12वीं अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेस सहित कई अन्तर्राष्ट्रीय बैठकों में भाग लिया है। डा. जैन ने भारतीय कृषि अनुसंधान सस्थान में उत्परिवर्तजनी विज्ञान और कोशिकाआनुवंशिकी के क्षेत्र में सक्रिय अनुसंधान समूह का विकास किया है।

वर्तमान पता
सीनियर रिसर्च फेलो
इन्टरनेशनल सर्विसेज फार नेशनल एग्रीकल्चरल रिसर्च
पो. आ. बॉक्स-933375
2509 ए जे द हेग, द नीदरलैण्ड्स

Dr N.G.P. Rao

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award for the year 1966 has been made to Dr N. Ganga Prasada Rao, jointly with Dr H.K. Jain, for his contributions in the field of Biological Sciences.

Dr N Ganga Prasada Rao is at present Project Co-ordinator (Sorghum) and Head, Regional Research Station, IARI, Hyderabad. Dr Rao's primary contribution is in the field of sorghum breeding, relating to the release of the first commercial sorghum hybrids, CSH-1 and CSH-2 in India. Subsequently, a high yielding variety, *Swarna*, that equalled the commercial hybrid CSH-1 in yield levels, was also developed and released for general cultivation. The performance of the first hybrids, following their release, amply demonstrated that the average yields of this rain-fed crop could be stabilized at 2000-2500 kg/hectare as against the national average of only 400-500 kg/hectare. Maximum yields of the order of 7000 kg/hectare were recorded under optimum conditions. These hybrids also performed well in several African, South East Asian and Latin American countries. The advent of the hybrids has given rise to an organized hybrid sorghum seed industry in the public as well as private sectors.

Dr Rao's contributions to basic biological sciences include the discovery of apomixis, the production of seed without the union of male and female gametes, which has potentialities in developing perpetual hybrids. The present efforts of Dr Rao and his associates are aimed at combining the individual superiority of Indian varieties with the community performance of exotics through exotic-Indian crosses.

Dr Rao was awarded the C. Subramaniam Gold Medal, B.V.L. Narayana's Gold Medal and a Medal by the Indian Society of Genetics and Plant Breeding. Dr Rao has over 50 research publications to his credit.

Present address . Vice Chancellor
Marathwada Agricultural University
Parbhani 431402

डा. एन. जी. पी. राव

प्रशस्ति

वर्ष 1966 का जैव विज्ञान का शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार डा. एन. गंगाप्रसाद को डा. एच. के. जैन के साथ प्रदान किया गया।

डा. एन. गंगाप्रसाद इस समय आई. ए. आर. आई. के रीजनल रिसर्च स्टेशन, हैदराबाद मे प्रोजेक्ट कोऑर्डीनेटर (ज्वार) और अध्यक्ष हैं। डा. राव का मुख्य योगदान ज्वार प्रजनन में है जो पहले व्यावसायिक ज्वार संकर सी एस एच-1 और सी. एस. एच.- 2 की भारत में नियुक्ति से जुड़ा है। बाद में एक उच्च उपजदायी किस्म "स्वर्ण" भी विकसित और सामान्य कृषि के लिए नियुक्ति हुई। इसकी उपज भी सी एस एच के ही समान है। नियुक्ति के बाद पहले संकर की उत्पादकता से यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया कि उस बारानी फसल की उपज 2000-2500 किग्रा./हे लगातार ली जा सकती है जबकि ज्वार की औसत राष्ट्रीय उपज 400-500 किग्रा./हे है। इष्टतम परिस्थितियों में सर्वाधिक उपज 7000 किग्रा./हे तक मिली। इन किस्मों से अफ्रीकी, दक्षिण-पूर्वी एशिया और दक्षिणी अमेरिका के देशों में भी अच्छी उपज मिली। इन संकरों के उद्भव से संगठित संकर ज्वार बीज उद्योग की स्थापना सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों में हुई है।

आधारभूत जैव विज्ञान में डा. राव के सहयोग में असंगतजनन की खोज, नर और मादा युग्मकों के बिना बीज का उत्पादन और निरंतर संकर उत्पन्न करने में इस विधि की विशेष संभावनाएं हैं। डा. राव और उनके सहयोगियों का उद्देश्य भारतीय किस्मों की एकाकी श्रेष्ठता का विदेशी जातियों के साथ विदेशी भारतीय संकर प्रजनित करके उत्पादकता बढ़ाना है।

डा. राव को सी. सुब्रह्मण्यम स्वर्ण पदक, बी. वी. एल. नारायण स्वर्ण पदक और इंडियन सोसाइटी ऑफ जेनेटिक्स से पादप प्रजनन पर पदक मिला है। डा. राव के 50 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं।

वर्तमान पता : वाइस चान्सलर
मराठवाडा एग्रीकल्चरल यूनीवर्सिटी
परभानी-431402

Dr Jai Krishna

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award for the year 1966 has been made to Dr Jai Krishna for his outstanding contributions in the field of Engineering Sciences.

Dr Jai Krishna is at present Vice-Chancellor, Roorkee University and also Professor and Director, School of Research and Training in Earthquake Engineering, Roorkee. Dr Jai Krishna has made valuable contributions in the field of Earthquake Engineering. His work has brought in new and original ideas in the design and construction of earthquake resistant structures and has resulted in the evolution of economic design and construction practices. Some of his noteworthy contributions in this field are: (i) Evolving methods of strengthening brick buildings to resist earthquake forces, (ii) design, construction and installation of structural response recorders and accelerographs in India to collect seismic data for the design of structures, (iii) earthquake resistant design of water towers and other structures of post-earthquake importance, (iv) earthquake resistant design of dams, bridges and other major structures, and (v) introducing the concept of iso-acceleration lines indicative of the earthquake forces in the epicentral tracts for the study of the distribution and attenuation of energy from the earthquake source. He has published more than sixty papers and one text-book on reinforced concrete in two volumes.

Dr Jai Krishna was awarded gold medal and a cash prize by the Institution of Engineers (India) in 1960 and Khosla Research Award by Roorkee University in 1963. He is a Fellow of the Indian National Science Academy, American Society of Civil Engineers and the Institution of Engineers (India). He is the Founder President of the Indian Society of Earthquake Technology and a member of UNESCO Consultative Committee on Earthquake Engineering.

Present address · Professor Emeritus
University of Roorkee
61 Civil Lines
Roorkee 247667

डॉ. जय कृष्ण

प्रशस्ति

सन् 1966 का शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार पाने का सम्मान डॉ. जय कृष्ण को इंजीनियरी विज्ञान में उनके विशिष्ट योगदान के लिए मिला है।

डॉ. जय कृष्ण आजकल रुड़की विश्वविद्यालय में उपकुलपति तथा रुड़की के भूकम्प इंजीनियरी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण स्कूल के निदेशक हैं। भूकम्प इंजीनियरी के क्षेत्र मे डा. जय कृष्ण ने उपयोगी योगदान दिया है। उनके कार्य के फलस्वरूप भूकम्प प्रतिरोधी संरचनाओ के डिजाइन एवं निर्माण में नवीन एवं मौलिक सुझाव आए है तथा व्यवसायिक डिजाइन एवं निर्माण तरीकों का विकास हुआ है। इस क्षेत्र में उनके कुछ उल्लेखनीय योगदान इस प्रकार हैं– (1) भूकम्प वलों का प्रतिरोध करने के लिए ईटों की इमारतों की सामर्थ्य विकसित करने के तरीके, (2) भारत में संरचनाओं के डिजाइन के लिए भूकम्पी आँकड़े एकत्रित करने के लिए संरचनाओं की अनुक्रिया अभिलेखी एवं त्वरणालेख की डिजाइन, निर्माण एवं अधिष्ठापन, (3) भूकम्प के पश्चात भी काम में आने वाली जल टंकी मीनार एवं अन्य संरचनाओं का भूकम्प प्रतिरोधी डिजाइन, (4) बाँध, पुलों एवं दूसरी बड़ी संरचनाओं का भूकम्प प्रतिरोधी डिजाइन, (5) भूकम्प के उद्गम से निकलने वाली ऊर्जा का वितरण एंवं क्षीणता के अध्ययन के लिए समत्वरणीय रेखाओं की संकल्पना करना जो अधिकेन्द्रीय संकक्षों मे भूकम्प वलों को निर्दिष्ट करती है। डा. जय कृष्ण के 60 से भी अधिक शोध-पत्र तथा प्रबलित कंक्रीट पर लिखी दो-खण्डों की एक पाठ्य-पुस्तक भी प्रकाशित हो चुकी है।

सन् 1960 मे इन्स्टीट्यूशन ऑफ इजीनियर्स (इण्डिया) ने डा. जय कृष्ण को स्वर्ण पदक तथा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया था तथा 1963 में रुडकी विश्वविद्यालय ने उन्हें खोसला अनुसंधान पुरस्कार प्रदान किया था। वह भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, अमेरिकन सोसायटी ऑफ सिविल इंजीनियर्स तथा इन्स्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इण्डिया) के फैलो है। वह भारतीय भूकम्प टैक्नोलॉजी सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष हैं और यूनेस्को भूकम्प इंजीनियरी की सलाहकार समिति के सदस्य है।

वर्तमान पता प्रोफेसर एमेरिटस
यूनिवर्सिटी आफ रुडकी
रुड़की-247667

Dr J.B. Chatterjea*

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award in Medical Sciences for the year 1966 has been given to Dr J.B. Chatterjea for his outstanding contributions in the fields of nutritional anaemias and haemoglobinopathies.

Dr Chatterjea who was Director, Calcutta School of Tropical Medicine, Calcutta had been able to elucidate the aetiopathogenetic aspects of the common disorders of human red cells that had unfolded the spectrum of hereditary disorders of human haemoglobin as prevailing in India. His discovery of haemoglobin E in Bengalis and the comprehensive studies of haemoglobin-E thalassaemia disease from clinical, haematological, biochemical, biophysical and genetical aspects have provided excitingly new information and greatly enriched the relevant areas of contemporary medical sciences.

Dr Chatterjea was the author of a large number of original research papers and had contributed valuable chapters in many international textbooks and monographs. He had also received a number of medals and prizes in India for his outstanding contributions in medicine.

He was Fellow of several learned societies both in India and abroad.

*Since deceased

डा. जे. बी. चटर्जी*

प्रशस्ति

पौषणिक रक्तक्षीणता और हीमोग्लोबीनोपेथीज के क्षेत्रों मे उल्लेखनीय योगदान के लिए चिकित्सा विज्ञान मे वर्ष 1966 का शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार डा. जे. बी. चटर्जी को प्रदान किया गया।

कलकत्ता स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन, कलकत्ता, के निदेशक डा. चटर्जी मानवीय लाल कोशिकाओं की उन प्रचलित विकृतियों के हेतु-विकृति पक्षो की व्याख्या करने में सफल हुए है, जिनसे भारत मे व्यापक मानव हीमोग्लोबीन मे वंशानुगत विकृतियों का पूरा चित्र सामने आया। उनकी बंगालियो मे हीमोग्लोबीन-ई की खोज और फिर हीमोग्लोबीन-ई थेलेसीमिया रोग के नैदानिक, हीमोटोलॉजिकल, जैव रासायनिक, जैव भौतिक और आनुवंशिक दृष्टि से किये गये उनके विस्तृत अध्ययनों से नई उत्साहवर्धक सूचनाए प्राप्त हुई है और इससे समकालीन चिकित्सा विज्ञान संबधी क्षेत्र अति समृद्ध हुए हैं।

डा. चटर्जी ने बड़ी सख्या मे मौलिक अनुसंधान पत्र तथा अनेक अन्तर्राष्ट्रीय पाठ्य पुस्तको और मोनोग्राफों के महत्वपूर्ण अध्याय लिखे। औषध विज्ञान मे असाधारण योगदानो के लिए उन्हें भारत में अनेक पदक और पुरस्कार प्रदान किए गए।

वे विभिन्न भारतीय और विदेशी विद्वत समितियो के फेलो थे।

* दिवगत

Dr R.J. Vakil*

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award in Medical Sciences for the year 1966 has been given to Dr R.J. Vakil for his outstanding contributions in the field of cardiology.

Dr Vakil has to his credit a number of awards and medals from various universities, including Albert Lasker Award in Medical Research of the American Health Association, and B.C. Roy National Award given by the Indian Medical Council. Dr Vakil's contribution to the discovery of the use of *Rauvolfia serpentina* is well-known and widely recognized.

Dr Vakil has been in the forefront of clinical cardiology in this country for well over two decades. He is the author of a large number of original research papers and books in the field of cardiology.

Dr Vakil is a Fellow of several learned societies both in India and abroad.

*Since deceased

डा. आर. जे. वकील*

प्रशस्ति

हृदय विज्ञान के क्षेत्र मे असाधारण कार्य के लिए चिकित्सा विज्ञान मे वर्ष 1966 का शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार डा. आर. जे. वकील को प्रदान किया गया।

डा. वकील को विभिन्न विश्वविद्यालयो से अनेक पुरस्कार और पदक प्राप्त हुए, इनमे अमेरिकन हेल्थ एसोसिएशन का चिकित्सा अनुसंधान में एल्बर्ट लाम्कर और इण्डियन मेडिकल काउन्सिल द्वारा दिया गया डा. बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल है। डा. वकील ने **राबुल्फिया सर्पेटिना** के उपयोग की खोज में जो योगदान किया, वह सर्व-विदित है और व्यापक रूप से मान्य है।

डा. वकील दो दशको से अधिक समय तक नैदानिक हृदय विज्ञान मे देश में अग्रणी रहे। उन्होंने हृदय विज्ञान पर बहुत से मौलिक शोधपत्र और पुस्तकें लिखी।

डा. वकील भारत और विदेश की अनेक विद्वत समितियों के फेलो थे।

* दिवगत

Prof. D. Lal

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award in Physical Sciences for the year 1967 has been given to Professor Devendra Lal for developing new techniques for studying radioisotopes and for his outstanding contributions to the subject of geophysics.

Prof. Lal is at present Professor in the Geophysics Research Group, Tata Institute of Fundamental Research, Bombay. His special interest in recent years has been in studying isotopic changes induced by cosmic rays on the earth and in extraterrestrial objects. He has extensively developed this broad area, which encompasses several fields in earth sciences and astrophysics. Utilizing sensitive low-level radiation counting techniques, radioisotopes produced by cosmic radiation in the earth's atmosphere were detected and used as tracers for studies in the fields of meteorology, hydrology and oceanography. He is responsible for setting up two laboratories at the Tata Institute of Fundamental Research as national facilities. one for archaeological studies based on cosmic ray produced radiocarbon and the other for hydrological studies using natural and artificial tritium activity. He showed that the results of studies of cosmic ray produced radioactivities in meteorites were indicative of the fact that the cosmic ray intensity during the last few million years has been the same as it is today.

Prof. Lal was elected Fellow of the Indian Academy of Sciences in 1965, was awarded the Krishnan Gold Medal for Geochemistry-Geophysics in 1965, and the unrestricted 'American Chemical Society-Petroleum Research Fund. Grant C for Established Scientists' in 1967. He is a member of several scientific committees/organisations in India and abroad. and is on the editorial board of the Journal of Earth and Planetary Science Letters.

In recognition of his outstanding scientific researches, Prof. Lal was awarded Padma Shri in 1971.

Present address . Senior Professor
Physical Research Laboratory
Navrangpura
Ahmedabad 380009

प्रो. डी. लाल

प्रशस्ति

भौतिकी विज्ञान के लिए सन् 1967 का शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार प्रो. देवेन्द्र लाल को रेडियो आइसोटोपों के अध्ययन की नई तकनीक विकसित करने के लिए तथा भू-भौतिकी में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है।

प्रो. लाल आजकल बम्बई के टाटा मौलिक अनुसंधान संस्थान के भू-भौतिकी अनुसंधान प्रभाग में प्रोफेसर है। विगत वर्षो में इनकी गहरी रुचि कॉस्मिक-किरणों द्वारा पृथ्वी पर तथा भौमेतर पदार्थो से प्रेरित आइसोटोप परिवर्तनों के अध्ययन में रही है। मोटे तौर पर उन्होंने इस क्षेत्र को व्यापक रूप से विकसित किया है जो कि भू-विज्ञान तथा खगोल भौतिकी के कई क्षेत्रों को सम्मिलित करता है। सुग्राही निचलीसतही विकिरण गणना तकनीको का उपयोग कर उन्होंने पृथ्वी के वातावरण में कॉस्मिक विकिरण द्वारा उत्पन्न रेडियो आइसोटोपों का पता लगाया तथा मौसम विज्ञान, जल विज्ञान और समुद्र विज्ञान के अध्ययन के लिए ट्रेसर अनुज्ञापक के तौर पर उनका उपयोग किया, टाटा मौलिक अनुसंधान संस्थान में दो राष्ट्रीय सुसाध्य प्रयोगशालाएं स्थापित करने के वह जिम्मेदार हैं; जिनमें से एक कॉस्मिक किरणों से उत्पादित रेडियो कार्बन पर आधारित पुरातात्विक अध्ययन, तथा दूसरी स्वाभाविक तथा कृत्रिम ट्राइटियम सक्रियता का उपयोग कर जलविज्ञान के अध्ययन के लिए है।

उल्काओं में कॉस्मिक किरणों द्वारा उत्पन्न रेडियो सक्रियता के अध्ययन के परिणामों के आधार पर उन्होंने यह स्थापित किया कि कॉस्मिक किरणों की तीव्रता पिछले कुछ दशलक्ष वर्षो के दौरान उतनी ही रही है जितनी कि आज है।

प्रो. लाल को 1965 में भारतीय विज्ञान अकादमी का फैलो चुना गया तथा 1965 में ही भू-रसायन-भू-भौतिकी के लिए कृष्णन स्वर्ण मैडल देकर सम्मानित किया गया। 1967 में उन्हें "अमरीकन कैमिकल सोसायटी, पैट्रोलियम रिसर्च फंड, प्रतिष्ठित वैज्ञानिको के लिए सी-ग्रांट" प्रदान की गई। प्रो. लाल कई भारतीय व विदेशी वैज्ञानिक समितियों एवं संगठनों के सदस्य हैं तथा "जर्नल ऑफ अर्थ एण्ड प्लेनेटरी साइंस लैटर्स" के सम्पादक मंडल के सदस्य हैं।

प्रो. लाल को 1971 में पद्मश्री की उपाधि से विभूषित किया गया। यह सम्मान उनको उनकी विशिष्ट वैज्ञानिक खोजों की मान्यता के रूप में दिया गया।

वर्तमान पता . प्रोफेसर
भौतिक अनुसधान प्रयोगशाला
अहमदाबाद-380009

Prof. M. Santappa

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award for the year 1967 has been made to Prof. M. Santappa for his outstanding contributions in the field of polymer chemistry.

Prof. Santappa is a distinguished graduate from the Universities of Madras, Manchester and London and he is at present Senior Professor and Head of the Department of Physical Chemistry at the University of Madras. He is a Fellow of the Indian National Science Academy.

Prof. Santappa's achievements relate to synthesis of graft copolymers by a simple chain transfer process and studies on the properties of macromolecules by light scattering and osmotic techniques. Syntheses and kinetic studies of condensation polymers involving tetra- and tri-alkyl phenols and formaldehyde have yielded valuable information. Complementary to the polymerization studies, oxidation of various organic substrates has also been investigated.

Prof. Santappa has built up a flourishing school of research and has trained a large number of students in polymer chemistry, oxidation kinetics and complexometry. He has to his credit a large number of publications in internationally reputed journals.

Present address · INSA Senior Scientist
Anna University
Guindey, Madras 600025

प्रो. एम. सान्तप्पा

प्रशस्ति

बहुलक रसायन में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रो. एम. सान्तप्पा को वर्ष 1967 का शांति स्वरूप भटनागर स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रो. सान्तप्पा मद्रास, मानचेस्टर और लन्दन विश्वविद्यालयों के प्रतिष्ठित स्नातक हैं और संप्रति वे मद्रास विश्वविद्यालय में भौतिकी रसायन विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक और अध्यक्ष हैं, वह इण्डियन नेशनल साइंस एकेडेमी के फेलो हैं।

प्रो. सान्तप्पा की उपलिब्धयाँ सरल श्रृंखला स्थानान्तरण प्रक्रिया द्वारा रोपित सहबहुलकों के संश्लेषण और प्रकाश प्रकीर्णन तथा परासरण तकनीकों द्वारा बृहद्णुओ के गुणधर्मो के अध्ययन से संबंधित रही है। टेट्रा-ट्राइ-एलकाइल फिनॉलों और फार्मेमिल्डहाइड को अन्तविष्ट करते हुए संघनन बहुलकों के संश्लेषणों और गतिज अध्ययनों से महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, उन्होंने बहुलकीकरण अध्ययनों के पूरक के रूप में, विभिन्न कार्बनिक अवस्तरों के अपचयन की भी खोज की है।

प्रो. सन्तप्पा ने अनुसंधान के लिये एक समृद्ध विद्यालय स्थापित किया है और बहुत बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को बहुलक रसायन, उपचयन गतिकी और संकुलमिति के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया है। अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पत्रिकाओं में पर्याप्त संख्या मे उनके प्रकाशन हैं।

वतमान पता · आइ एन एस ए सीनियर साइंटिस्ट
अन्ना विश्वविद्यालय
गुण्डी मद्रास-600025

Prof. A.K Sharma

CITATION

The Shanti Swarup Bhatnagar Memorial Award for the year 1967 has been made to Prof. Arun Kumar Sharma for his outstanding contributions in the field of cytogenetics.

